सूचना एवं जन–सम्पर्क विभाग, बिहार

प्रेस–विज्ञप्ति

संख्या– **99**
27/01/2026

राजकीय पोलिटेकनिक संस्थानों में IIT के सहयोग से संचालित सेंटर ऑफ एक्सीलेंस की सचिव ने की समीक्षाय प्रशिक्षण, प्लेसमेंट और निगरानी व्यवस्था सुदृढ़ करने के निर्देश

पटना 27 जनवरी, 2026 :– सचिव, विज्ञान, प्रावैधिकी एवं तकनीकी शिक्षा विभाग, डॉ. प्रतिमा की अध्यक्षता में राजकीय पोलिटेकनिक संस्थानों में भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, पटना के भागीदारी से स्थापित उत्कृष्टता केंद्रों (CoE) के संचालन, प्रशिक्षण गतिविधियों, शैक्षणिक प्रगति, तथा छात्रों को रोजगार से जोड़ने की व्यवस्था की से समीक्षा की गई। बैठक में भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, पटना के प्रतिनिधियों के साथ विभाग के निदेशक, श्री अहमद महमूद एवं अन्य वरीय पदाधिकारी उपस्थित रहे।

बैठक में सर्वप्रथम CoE अंतर्गत चल रहे प्रशिक्षकों के प्रशिक्षण की समीक्षा की गयी। समीक्षा में यह पाया गया कि ब्वम में उपलब्ध सुविधाओं का प्रभावी उपयोग तभी संभव है जब हब में स्थापित सॉफ्टवेयर और हार्डवेयर का प्रशिक्षण में समन्वय से उपयोग किया जाए। इसी उद्देश्य से यह निर्णय लिया गया कि प्रत्येक हब पर संबंधित स्पोक पोलिटेकनिक संस्थानों के प्रशिक्षकों के लिए जोनल स्तर पर व्यावहारिक प्रशिक्षण आयोजित किया जाएगा, जिसमें सॉफ्टवेयर और हार्डवेयर का संयुक्त उपयोग करके प्रशिक्षण को और भी प्रभावी बनाया जाएगा।

इस दौरान ब्वम अंतर्गत आयोजित भौतिक कक्षाओं की भी समीक्षा की गई, बैठक में सचिव ने स्पष्ट किया कि छात्रों के लिए IIT पटना द्वारा भौतिक कक्षाएं आयोजित की जाएंगी। इस संबंध में सचिव ने इन कक्षाओं की समय–सारिणी राज्य पोलिटेकनिक शिक्षा बोर्ड (SBTE) को प्प्ज पटना की टीम के साथ समन्वय में अविलंब तैयार करने का निर्देश दिया, जिससे कक्षाओं का संचालन व्यवस्थित रूप से किया जा सके।

बैठक के दौरान रोजगार चयन प्रक्रिया (Placement Drive) पर भी चर्चा की गई, सचिव ने संबंधित अधिकारियों को ब्वम अंतर्गत नियमित प्रतिष्ठित संस्थानों में रोजगार हेतु रोजगार चयन प्रक्रिया आयोजित कराने का निर्देश दिया। साथ ही, IIT पटना को आगामी तीन माह के लिए प्रस्तावित प्लेसमेंट ड्राइव की योजना तैयार कर विभाग को उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया।

इसके अलावा ब्वम के संचालन और उसके परिणामों का प्रभाव मूल्यांकन (Impact Assessment) IIT पटना द्वारा किए जाने का निर्णय लिया गया, ताकि प्रशिक्षण की गुणवत्ता और उपयोगिता का आकलन किया जा सके। साथ ही ब्वम की नियमित निगरानी सुनिश्चित करने के लिए संयुक्त निदेशक स्तर पर साप्ताहिक, निदेशक स्तर पर पाक्षिक तथा सचिव स्तर पर मासिक समीक्षा बैठकें आयोजित करने का निर्णय लिया गया। इन बैठकों में IIT पटना की टीम एवं सभी राजकीय पोलिटेकनिक संस्थानों के प्राचार्यों के साथ समन्वय स्थापित कर प्रगति की समीक्षा की जाएगी।

———————————